# सामाजिक वानिकी एवम पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद
## Centre for Social Forestry and Eco-Rehabilitation

दिनांक 13.11.2013 को सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र इलाहाबाद द्वारा 3/1 लाजपत राय रोड, नया कटरा, इलाहाबाद, में किसान मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्री सी. वी. नाथ मुख्य वन संरक्षक इलाहाबाद थे। आयोजन में विशिष्ट अतिथि श्री अशोक दीक्षित वन संरक्षक इलाहाबाद, मनोज खरे, प्रभागीय वन अधिकारी इलाहाबाद, प्रो. रामचन्द्रन एवं डा. राजीव उमराव एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी नैनी, डा. विपिन अग्रवाल, सांई ग्रामीण अनुसंधान संस्थान, डा. विनय यादव, प्रगति ग्रामोद्योग, सन्तोष गोईन्दी, प्रसिद्ध सामाजसेविका एवं लेखिका ने कार्यक्रम में भाग लिया।

सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद की निदेशक डा. कुमुद दूबे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का कार्यक्रम में स्वागत किया। केन्द्र के डा. बी. के. पाण्डेय, डा. अनिता तोमर, डा. अनुभा श्रीवास्तव तथा डा. बी. पी. पाण्ड़ेय ने किसानों को मुख्यतः सामाजिक वानिकी एवं सुगंधित औषधीय पौधों की खेती द्वारा किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु विस्तृत जानकारी दी।

किसान मेले में कृषकों को जानकारी देने हेतु उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से यश कृषि तकनीक, साई ग्रामीण अनुसंधान संस्थान, बायोवेद संस्थान, नंदिनी बायोटेक, सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, शिवम ग्रामोद्योग, इलाहाबाद कृषि विश्वविद्यालय, नैनी तथा वन विभाग इलाहाबाद, आयुर्वेद कालेज हंड़िया, परिहार पौधशाला, प्रगति ग्रामोद्योग, विद्याधर स्मृती सेवा संस्था, ग्रामीण बैंक तथा इन्द्रा गॉधी संस्थान द्वारा प्रदर्शन स्टाल स्थापित किया गया, जिसमें कृषकों को वानिकी, कृषि वानिकी, औषधीय पौधों की खेती, बायोफर्टिलाइजर, बॉस की खेती, आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा सम्बंधित साहित्य भी उपलब्ध कराये गये।

किसान मेले में भाग लेने वाले पंजीकृत किसानों को ऑवला, खैर, बबूल, बेर, यूकेलिप्टस, बॉस के बीज, आवश्यक पैम्पलेट एवं छपी हुई सामग्री निःशुल्क वितरित की गई। मेले में आये हुए उन्नतशील किसानों ने अपने अनुभव एवं विचार प्रकट किये। मेले के समापन सत्र में उपस्थित किसानों ने विशेष चर्चा में भाग लिया और अपनी समस्यायें तथा उसके निदान आदि के बारे में जानकारी ली।
मेले के समापन सत्र के मुख्य अतिथि श्री के. पी. दूबे, मुख्य वन संरक्षक लखनऊ, डा. जी. एस. तोमर प्रधानाचार्य, लाल बहादुर शास्त्री आयुर्वेदिक कालेज हंडिया इलाहाबाद, श्री चन्द्र शेखर तिवारी, सहायक अभियंता इलाहाबाद नें उपस्थित होकर किसानों के सामने अपने अनुभव व्यक्त किये और मेले में लगी लाभकारी प्रदर्शनियों की सराहना की और प्रोत्साहन धनराशि तथा प्रमाण प्रत्र वितरित किये।

किसान मेले के आयोजन में अध्यक्ष डा. कुमुद दूबे, आयोजक सचिव डा. अनीता तोमर, और कार्यक्रम संचालनकर्ता डा. अनुभा श्रीवास्तव थीं। मेले के सफल आयोजन में श्री ए. के. श्रीवास्तव, श्री सियाराम, श्री आलोक पाण्डेय, श्री वरून कुमार मौर्य, श्री आशुतोष कुमार, श्री संदीप कुमार त्रिपाठी, श्री प्रवीण कुमार त्रिपाठी, श्री आशीष पाण्डेय, श्री तरूण श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद और वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के निर्देशन एवं सौजन्य से सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद द्वारा तृतीय किसान मेले का इलाहाबाद में सफल आयोजन किया गया।

## विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति

**दैनिक जागरण 07.11.2013**

### 13 को होगा किसान मेला

इलाहाबाद : सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन केंद्र में 13 नवंबर को किसान मेला लगाया जाएगा। निदेशक कुमुद दुबे ने बताया कि इस एक दिवसीय मेला में कृषि से संबंधित संस्थाएं अपना स्टाल लगाएंगी।

**अमर उजाला 13.11.2013**

### किसान मेले में औषधीय खेती की जानकारी

इलाहाबाद(ब्यूरो)। सामाजिक वानिकी केन्द्र की ओर से बुधवार को न्यू कटरा में किसान मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को सामाजिक वानिकी, सुगंध औषधीय पौधों पर वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई। उद्घाटन मुख्य वन संरक्षक सीवी नाथ ने किया। इस दौरान वन संरक्षक अशोक दीक्षित, केपी दुबे, प्रो. डीएन शुक्ल सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक एवं किसानों ने भागीदारी की।

**काम्पैक्ट (अमर उजाला) 14.11.2013**

### नकदी फसलों की दी जानकारी

इलाहाबाद। सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनरस्र्थापन केंद्र की ओर से आयोजित किसान मेले में किसानों को आमदनी बढ़ाने वाली फसलों की जानकारी दी गई। उन्हें वैज्ञानिक खेती के बारे में बताया गया। जानकारी देने के लिए कई संस्थानों से वैज्ञानिक आए थे। वन संरक्षक अशोक दीक्षित, केपी दूबे, मनोज खरे, डॉ. बीके द्विवेदी, प्रो. रामचंदग, डॉ. कुमुद दूबे, डॉ. अनीता तोमर, डॉ. अनुभा आदि मौजूद रहे।

जनपद 14.11.2013

# किसान मेले का आयोजन सम्पन्न

इलाहाबाद।सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन केन्द्र इलाहाबाद द्वारा लाजपत राय रोड नया कंटरा में किसान मेले का आयोजन किया गया।मेले में भाग लेने वाले पंजिकृत किसानों को आंवला ,खैर,बबूल,बेर, यूकेलिप्टस, बांस के बीज तथा आवयश्क पम्पलेट एवं छपी हुई सामग्री निःशुल्क वितरित की गई।मेले के समापन सत्र में उपस्थित किसानें ने विशेष चर्चा में भाग लिया और अपनी समस्यायें तथा उसके निदान आदि के बारे में जानकारी ली।मेले में प्रदर्शन स्टाल स्थापित किया गया था जिसमें वृषकों को वानिकी ,वृषि वानिकी,औषधीय पौधों की खेती बायोफर्टिलाइजर,बांस की खेती आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई।आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर सी.वी.नाथ वन संरक्षक इलाहाबाद,अशोक दीक्षित,के.पी.दूबे मुख्य संरक्षक लखनऊ,मनोज खरे,डां.डी.एन.शुक्ला,डा.बी.के.द्विवेदी,प्रो.रामचन्द्रन,राजीव उमराव,डा.विपिन अग्रवाल,डां.विनय यादव,प्रो.वी.एस.तोमर,सन्तोष गोईन्दी,डा.कुमुद दूबे,डा.बी.के.पाण्डेय,अनीता तोमर,डा.[illegible] श्रीवास्तव,डा.बी.पी.पाण्डेय,ए.के श्रीवास्तव,सियाराम आदि लोगों ने किसानों को आमदनी बढ़ान हेतु जानकारी दी।इस मौके पर आलोक पाण्डेय,वरून कुमार मौर्य,आशुतोष कुमार,संदीप कुमार त्रिपाठी, प्रवीण कुमार त्रिपाठी,आशीष पाण्डेय,तरूण श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।



हिन्दुस्तान 14.11.2013

# आंवला, खैर लगाइए सुधरेगा पर्यावरण

इलाहाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

आंवला, खैर, बबूल व बांस लगाइए। इससे आमदनी बढ़ेगी। पर्यावरण भी सुधरेगा। बुधवार को नया कटरा के केन्द्रीय सामाजिक वानिकी केन्द्र में आयोजित किसान मेले में विशेषज्ञों ने किसानों को यही संदेश दिया।

मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक सीवी नाथ ने कहा कि किसान खेत की मेंढ़ों व बंजर जमीन पर बबूल, खैर, आंवला व बेर का रोपण कर सकते हैं। बबूल से फल तो नहीं मिलता लेकिन मिट्टी की सेहत सुधारता है। बबूल का रोपण करने से बंजर जमीन भी तीन चार बाद खेती योग्य बन जाती है। मेले में कई संस्थाओं की तरफ से स्टाल भी लगाए गए थे। सामाजिक वानिकी केन्द्र की निदेशक कुमुद दुबे ने किसानों को मुफ्त में आंवला, खैर, बबूल, यूकेलिप्टस व बांस के बीज का वितरण किया।

सीवी नाथ, मुख्य वन संरक्षक

संगोष्ठी में लखनऊ के मुख्य वन संरक्षक केपी दुबे, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग के प्रो. डीएन शुक्ला, डॉ. बीके द्विवेदी, प्रो. रामचन्द्रन व प्रो. वीएस तोमर ने पौधरोपण से होने वाले लाभ के बारे में किसानों को बताया।

जन संदेश टाइम्स 15.11.2013

इलाहाब

# प्रदर्शनी स्टाल से किसानों को किया जागरूक

इलाहाबाद। सामाजिक वानिकी एवं परि-पुनर्स्थापन केंद्र की ओर से नया कटरा में किसान मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक सीवी नाथ रहे। मेले में कृषकों को जानकारी देते हुये प्रदेश के विभिन्न स्थानों से यथा कृषि तकनीक साई ग्रामीण अनुसंधान संस्थान वायोवेद संस्थान नंदिनी बायोटेक, सामाजिक वानिकी एवं परि-पुनर्स्थापना केंद्र, शिवम ग्रामोद्योग, एएआई नैनी वन विभाग, आयुर्वेद कॉलेज हडिया द्वारा प्रदर्शन स्टाल स्थापित किया गया जिसमें कृषकों को वानिकी, कृषि वानिकी, औषधीय पौद्यो की खेती बायोफर्टिलाइजर बॉस की खेती आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा संबंधित साहित्य भी उपलब्ध कराया गया। विशिष्ट अतिथि वन संरक्षक अशोक दीक्षित, केपी दुबे, प्रभागीय वन अधिकारी मनोज खरे, इविवि के प्रो. डीएन शुक्ला, डॉ. बीके द्विवेदा, प्रो. रामचन्द्र, राजीव उमराव, डॉ. विपिन अग्रवाल, डॉ. विनय यादव, प्रो. वीएस तोमर आदि लोगों ने कृषि मेले में किसानों की विस्तृत जानकारी दी।

# स्वागत समारोह







किसान



# प्रदर्शनी का उद्घाटन









शीशम
बॉस
बकैंन




SHIVAM
किसान मेला
औषधीय पौधों की प्रदर्शनी








हरिशंकरी


शीशम


of Forestry

# समापन समारोह


किसान मेला
आर्थिक विकास में सामाजिक वानिकी की भूमिका
दिनांक-13.11.2013
आयोजक
वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद


किसान मेला




C.S.F.E.R.

C.S.F.E.R.

C.S.F.E.R.


C.S.F.E.R.

C.S.F.E.R.

C.S.F.E.R.

